| | |
|---|---|
| आवेदन क्रमांक | आवेदन प्रपत्र मुल्य रू. 100.00 |

# बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सागर

# बल्क मिल्क विक्रय हेतु
# प्रथम ई–निविदा प्रपत्र
# वर्ष 2022–23


बुन्देलखड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सागर

नरसिंहपुर रोड, डेयरी प्लांट, सिरौंजा सागर–470004

ई–मेल **sanchimccsagar@gmail.com**

# बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

नरसिंहपुर रोड डेयरी प्लांट, सिरोंजा सागर–470004

ई–मेल sanchimccsagar@gmail.com


# अल्पकालीन प्रथम ई–निविदा सूचना

क्र. 649/विपणन/बु.स.दु.सं./सागर दिनांक27/09/2022

दुग्ध संघ द्वारा अधोदर्शित विवरण अनुसार पाश्चुरीकृत/रॉ–चिल्ड/स्कीम्ड मिल्क (9.0 प्रतिशत एसएनएफ), बल्क मिल्क 6.0 प्रतिशत फेट एवं 9.0 प्रतिशत एसएनएफ प्रोरेटा आधार एक्स डेयरी बुन्देलखण्ड दुग्ध संघ विक्रय हेतु भारत के सभी स्टेट डेयरी फेडरेशन, सहकारी दुग्ध संघ एवं निजी व्यवसायियों से भाव (ऑफर), प्रथम ई–टेण्डर के माध्यम से आमंत्रित किया जाता हैं।

| क्र. | विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 01 | पाश्चुरीकृत बल्क मिल्क 6.0 प्रतिशत फेट एवं 9.0 प्रतिशत एसएनएफ प्रोरेटा आधार पर विक्रय मात्रा (भैंस का दूध) | न्यूनतम 5000 कि.ग्रा. या इससे अधिक |
| 02 | रॉ–चिल्ड मिल्क 6.0 प्रतिशत फेट एवं 9.0 प्रतिशत एसएनएफ प्रोरेटा आधार पर विक्रय मात्रा (भैंस का दूध) | |
| 03 | स्कीम्ड मिल्क 9.0 प्रतिशत एसएनएफ प्रोरेटा आधार पर (भैंस का दूध) | |

उपरोक्तानुसार प्रोरेटा आधार पर न्यूनतम विक्रय मात्रा 5000 कि.ग्रा. होना अनिवार्य है। निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 28/09/2022 अपरान्ह 1:00 बजे से दिनांक 06/10/2022 अपरान्ह 1:00 बजे तक भरे जा सकेगें। ऑनलाइन प्राप्त निविदाओं को दिनांक 07/10/2022 को अपरान्ह 1:00 बजे दुग्ध संघ, सागर कार्यालय मे उपस्थित निविदाकार तथा समिति सदस्य के समक्ष खोले जायेंगे। उक्त निविदा के लिये राशि रूपये 5000/–ई.एम.डी. के रूप में बुन्देलखण्ड दुग्ध संघ सागर के नाम से ऑनलाईन जमा किया जाना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in से रूपये 100/– का ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते है। किसी भी प्राप्त भाव ऑफर को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा। निविदा प्रपत्र मे यदि कोई सुधार/संशोधन होता है तो सिर्फ निम्न दर्शाई गई वेबसाईट पर ही अपलोड किया जावेगा, अन्य और कोई माध्यम से प्रकाशित नही होगा। अन्य नियमों एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी एम.पी.सी.डी.एफ. की वेबसाइट http://www.sanchidairy.com पर उपलब्ध है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

# बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
## प्रोसेस्ड/रॉ–चिल्ड मिल्क/स्कीम्ड बल्क मिल्क विक्रय हेतु प्रथम ई–निविदा प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र विक्रय आरंभ करने की तिथि एवं समय | दिनांक 28/09/2022 अपरान्ह 01:00 बजे |
| 2 | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 06/10/2022 अपरान्ह 01:00 बजे तक |
| 3 | ऑनलाइन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 07/10/2022 अपरान्ह 3:00 बजे |
| 4 | निविदा के साथ जमा की जाने वाली धरोहर राशि | प्रत्येक 5000 कि.ग्रा. ऑफर के लिए निर्धारित ई.एम.डी. पाश्चुरीकृत/रॉ–चिल्ड/स्कीम्ड बल्क मिल्क 6.0 प्रतिशत फेट एवं 9.0 प्रतिशत एसएनएफ प्रोरेटा आधार हेतु रूपये रू. 5000/–अंकन पांच हजार निर्धारित की गई हैं। बल्क मिल्क 6.0 प्रतिशत फेट एवं 9.0 प्रतिशत एसएनएफ प्रोरेटा आधार हेतु 5000 कि.ग्रा. से ज्यादा ऑफर देने पर समान अनुपात में ई.एम.डी. बढ़ाई जावे। ई.एम.डी. भुगतान केवल ऑनलाइन किया जाना होगा। |
| 5 | पाश्चुरीकृत/रॉ–चिल्ड/स्कीम्ड बल्क मिल्क 6.0 प्रतिशत फेट एवं 9.0 प्रतिशत एसएनएफ प्रोरेटा आधार | पाश्चुरीकृत/रॉ–चिल्ड/स्कीम्ड बल्क मिल्क न्यूनतम मात्रा 5000 किलो ग्राम होगी। |
| 6 | निविदा प्रपत्र का मुल्य | रूपये 100/– (एक सौ मात्र) |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान एवं पता | बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सागर |
| 8 | धरोहर राशि (ई.एम.डी.) | (केवल ऑनलाईन प्रेषित किया जावे।) |
| 9 | बल्क मिल्क विक्रय हेतु तकनीकी अर्हताएं एवं सामान्य शर्ते का प्रारूप | (केवल ऑनलाईन प्रेषित किया जावे।) |
| 10 | फर्म की विस्तृत जानकारी | (केवल ऑनलाईन प्रेषित किया जावे।) |
| 11 | भाव पत्र | (केवल ऑनलाईन प्रेषित किया जावे।) |

**प्रपत्र क्रमांक 01**

# तकनीकी अहर्ताएं

| क्रमांक | आवश्यक अहर्ताएं | विवरण जानकारी | अनिवार्यतः संलग्न किये जाने वाले स्व प्रमाणित दस्तावेज |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदाकार का नाम व पता (संस्था/फर्म आदि की दशा में पंजीयन का प्रमाण) | | संस्था पंजीयनकर्ता कार्यालय का पत्र/प्रमाण पत्र । |
| 2 | यदि कोई पार्टनर हो तो उनका नाम व पता। | | पंजीकृत पार्टनरशीप डीड। |
| 3 | फोन नंबर/मोबाईल नंबर | | फोन नंबर |
| 4 | ई–मेल आई.डी. | | ई–मेल आई.डी. |
| 5 | संस्था/फर्म होने की दशा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम | | संस्था/फर्म के संचालक मंडल/ मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अधिकार पत्र। |
| 6 | आवेदनकर्ता का पेनकार्ड नम्बर होना अनिवार्य है। | | पेनकार्ड की छायाप्रति संलग्न करें। |
| 7 | FSSAI लायसेंस | | FSSAI लायसेंस की छायाप्रति संलग्न करे। |

नोटः–

1. उक्त समस्त स्वयं प्रमाणित दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड किये जाने होंगे एवं तकनीकी अर्हताओं संबंधित प्रपत्र क्रमाक 01, आवेदन की शर्ते प्रपत्र क्रमांक 02 में प्रस्तुत की जा रहीं हैं।
2. उपरोक्त जानकारियों में से कोई भी जानकारी असत्य पाये जाने पर निविदा निरस्त कर अमानत राशि राजसात की जा सकेगी।

शुद्धता का संकल्प

**प्रपत्र 02**

## पाश्चुरीकृत/रॉ–चिल्ड/स्कीम्ड बल्क मिल्क ऑफर प्रस्तुत करने संबंधी मुख्य शर्ते

1– ऑफर प्रस्तुतकर्ता के पास FSSAI लायसेंस होना अनिवार्य है। ऑफर के साथ दस्तावेजों की स्वयं प्रमाणित छायाप्रति आनलाइन अपलोड की जावें।

2– ऑफर प्रस्तुतकर्ता द्वारा अपने ऑफर में पाश्चुरीकृत/रॉ–चिल्ड/स्कीम्ड बल्क मिल्क 6.0 प्रतिशत फेट एवं 9.0 प्रतिशत एसएनएफ प्रोरेटा आधार पर एक्स डेयरी बुन्देलखण्ड दुग्ध संघ, डेयरी संयंत्र सागर को भाव प्रति किलोग्राम दूध के मूल्य अनुसार प्रस्तुत किये जावे।

3– ऑफर में पार्टी द्वारा बल्क मिल्क कम से कम 5000 कि.ग्रा. न्यूनतम क्रय हेतु ऑफर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। आर्फर में पार्टी द्वारा क्रय की जाने वाली मात्रा एवं भाव को अंकों एवं शब्दों मे स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

4– पाश्चुरीकृत/रॉ–चिल्ड/स्कीम्ड बल्क मिल्क क्रय हेतु रूपये 5000/– ईएमडी निर्धारित की गई हैं। पाश्चुरीकृत/रॉ–चिल्ड/स्कीम्ड बल्क मिल्क क्रय हेतु दरे स्वीकृत होने के उपरांत सुरक्षानिधी राशि के रूप मे राशि रू. 45,000/–जमा करना अनिवार्य होगा तथा ई–निविदा के समय जमा ईएमडी का समायोजन सुरक्षानिधी राशि मे किया जा सकेगा। इस प्रकार कुल सुरक्षानिधी राशि रू. 50,000/– दुग्ध संघ मे जमा करना आवश्यक होगा। जिस पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।

5– ऑफर स्वीकृति होने की दशा में सम्पूर्ण प्रदायगी अग्रिम भुगतान करने पर ही की जावेगी।

6– दूध डेयरी संयंत्र, सागर/दुग्ध संघ के शीतकेन्द्रों से प्रदाय किया जावेगा। प्राप्तकर्ता डेयरी संयंत्र/शीत केन्द्र पर दूध का परीक्षण करने के उपरांत दूध प्रदाय किया जावेगा। इसके पश्चात प्राप्त अंतर हेतु बुन्देलखण्ड दुग्ध संघ उत्तरदायी नहीं होगा।

7– पाश्चुरीकृत/रॉ–चिल्ड/स्कीम्ड बल्क मिल्क का भाव 6.0 प्रतिशत फेट एवं 9.0 प्रतिशत एसएनएफ प्रोरेटा आधार पर एक्स डेयरी बुन्देलखण्ड दुग्ध संयंत्र सागर के आधार पर होगा, एवं अन्तर होने पर प्रोरेटा आधार पर राशि की गणना की जावेगी।

8– निविदा में प्रस्तुत दर स्वीकृत होने के पश्चात् प्रबंध संचालक, एमपीसीडीएफ भोपाल से दर का अनुमोदन होने के उपरांत ही विक्रय किया जायेगा।

9– ऑफर स्वीकृति पश्चात यदि ऑफरदाता द्वारा किसी भी कारण से बल्क मिल्क निर्धारित प्रक्रिया अनुसार नहीं उठाया जाता है तो ऑफर के साथ प्रस्तुत ईएमडी राशि संघ द्वारा राजसात की जावेगी।

10– किसी भी निविदा को आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकृत या अस्वीकृत करने का सकारण पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी बुन्देलखण्ड दुग्ध संघ मर्यादित, सागर के पास सुरक्षित रहेगा।

11– किसी भी प्रकरण में सामग्री/सेवा प्रदायक एवं दुग्ध संघ के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित होने पर आरबीट्रेशन एक्ट 1996 के प्रावधान के अनुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

12– निविदाकार को बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित द्वारा संस्थाओ से क्रय किये जा रहे दूध की क्रय दरों मे परिवर्तन किये जाने पर समानुपातिक परिवर्तन पर दूध क्रय हेतु सहमति दिया जाना अनिवार्य होगा।

**प्रपत्र– 03**

# भाव ऑफर

(केवल ऑनलाईन प्रेषित किया जावे)

| | |
|---|---|
| पाश्चुरीकृत बल्क मिल्क क्रय हेतु प्रति किलोग्राम दर (6.0 प्रतिशत फेट एवं 9.0 प्रतिशत एसएनएफ) प्रोरेटा आधार पर होगी। | |
| रॉ–चिल्ड बल्क मिल्क क्रय हेतु प्रति किलोग्राम दर (6.0 प्रतिशत फेट एवं 9.0 प्रतिशत एसएनएफ) प्रोरेटा आधार पर होगी। | |
| स्कीम्ड बल्क मिल्क क्रय हेतु प्रति किलोग्राम दर (9.0 प्रतिशत एसएनएफ) प्रोरेटा आधार पर होगी। | |

# <u>घोषणा पत्र</u>

मेरे द्वारा उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 01 से 12 तक की शर्ते पढ एवं समझ ली गई है, उसे मान्य करते हुए मै अपना पाश्चुरीकृत/रॉ–चिल्ड/स्कीम्ड बल्क मिल्क क्रय के भाव ऑफर प्रस्तुत कर रहा हूँ।

स्थान

दिनांक                                                    हस्ताक्षर

(नाम एवं फर्म रबर स्टाम्प)

Sanchi
शुद्धता का संकल्प